# दीपावली पर्व पर आतिशबाजी व्यवसाय करने वाले अस्थाई फटाका लाइसेंस हेतु आवेदन करें

9. 10. 21

सिंघम रिपोर्टर ❑ रतलाम

इस वर्ष दीपावली पर्व पर आतिशबाजी विक्रय व्यवसाय करने के लिए इच्छुक व्यक्ति अस्थाई फटाका लाइसेंस हेतु निर्धारित प्रारूप ङ्ख5 में आवेदन करें। इसके लिए अंतिम तिथि आगामी 20 अक्टूबर नियत की गई है।

आवेदन के साथ लाइसेंस फीस 500 रुपए निर्धारित मद में चालान से जमा करवाकर चालान की असल प्रति तथा दो पासपोर्ट साइज के फोटो आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें जिसमें दिनांक तथा हस्ताक्षर हो। निर्धारित मद 0070 अन्य प्रशासकीय सेवाएं, 103 अन्य सेवाएं विस्फोटक अधिनियम के अंतर्गत प्राप्तियां जिला प्रशासन से प्राप्तियां अन्य प्राप्तियां में लाइसेंस फीस जमा करानी होगी। आवेदन पत्र पर 10 रुपए का कोर्ट फीस स्टाम्प भी चस्पा किया जाना होगा। निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र रतलाम शहर तथा ग्रामीण तहसील स्तर पर अपने-अपने क्षेत्र के अनुविभागीय दंडाधिकारी कार्यालय में जमा किया जा सकता है।

आवेदकों को अपने-अपने आवेदन पत्र स्वीकृति के लिए रतलाम शहर हेतु अनुविभागीय दंडाधिकारी रतलाम शहर तथा रतलाम ग्रामीण के लिए अनुविभागीय दंडाधिकारी रतलाम ग्रामीण, तहसील जावरा तथा पिपलोदा के लिए अनुविभागीय दंडाधिकारी जावरा, तहसील आलोट एवं ताल क्षेत्र के लिए अनुविभागीय दंडाधिकारी आलोट, तहसील सैलाना, रावटी एवं बाजना क्षेत्र के लिए अनुविभागीय दंडाधिकारी सैलाना को मय पूर्व स्वीकृत अनुज्ञप्ति सहित प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। लाइसेंसधारी को केवल उसी स्थान पर आतिशबाजी का व्यवसाय करने की अनुमति होगी जो स्थान संबंधित एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं कार्यपालक दंडाधिकारी द्वारा नगर पालिका निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत, ग्राम पंचायत के परामर्श उपरांत सुरक्षात्मक दृष्टि से नियत किया जाएगा। नियत स्थान के अलावा अपनी स्वेच्छा से नगर के भीड़ वाले बाजार क्षेत्र में पटाखों-का उपयोग एवं विक्रय नहीं हो और हाथ ठेलो पर दुकानें लगाने की दशा में लाइसेंस निरस्त किया जा सकेगा। लाइसेंसधारी को आग से सुरक्षा के लिए रेत, पानी तथा अग्निशामक की समुचित व्यवस्था स्वयं करना होगी और सावधानीपूर्वक व्यवसाय करना होगा ताकि अग्नि दुर्घटना नहीं होने पाए।

नियत मानकों के पटाखों का ही उपयोग तथा विक्रय होगा, प्रदूषण फैलाने वाले तथा अधिक आवाज वाले बम राकेट आदि घातक पटाखों का उपयोग और विक्रय नहीं होगा। यह भी सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया है कि दुकाने इस प्रकार से लगाई जाएंगी कि एक आतिशबाजी की दुकान दूसरी आतिशबाजी की दुकान से या अन्य ज्वलनशील भंडार से कम से कम 15 वर्ग मीटर की दूरी पर हो।

सिंघम 10/10/21

हमारे जागरूक पाठकों की बोलती तस्वीरें

# बुद्धेश्वर रोड पर कीचड़, इंदिरा नगर में पांच से छह इंच के

रतलाम | शहर के प्रवेश मार्गों पर तो गड्ढे हो ही रहे हैं। साथ ही गलियों और मोहल्लों में भी गड्ढे हो रहे हैं। अब तो बारिश भी रुक गई है लेकिन अब तक लोगों को कीचड़ से मुक्ति नहीं मिल पाई है। सड़कों पर हो रहे गड्ढों के लिए रहवासी पूरी तरह से निगम को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं।

### बुद्धेश्वर रोड : सड़क पर फैला है कीचड़



ये फोटो बुद्धेश्वर रोड की है। इसे मनीष पिरोदिया ने भेजा है। उन्होंने बताया कि यह मुख्य मार्ग है और यहां आए दिन कीचड़ ही कीचड़ रहता है। बारिश में तो निकलना मुश्किल हो रहा है। इसके लिए जनप्रतिनिधि और नगर निगम के अफसर जिम्मेदार हैं।

### चांदनी चौक : सबसे महंगा क्षेत्र, मरम्मत नहीं



ये फोटो चांदनीचौक के पास स्थित ताल वालों की गली की है। भूपेंद्र जैन ने बताया सीवरेज की खुदाई के बाद तो जिम्मेदार सड़क की मरम्मत कराना ही भूल गए हैं। इससे रोड खुदा है। बारिश में गुजरना मुश्किल है। इसके लिए नगर निगम जिम्मेदार है।

### न्यू काजीपुरा : ढूंढने से नहीं मिलेगी सड़क



ये फोटो न्यू काजीपुरा की है और आरिफ ने भेजी है। उन्होंने बताया क्षेत्र में तो रोड ढूंढने से भी नजर नहीं आती है। बारिश में तो पूरे क्षेत्र में पानी भर जाता है और दिक्कत आती है। इसके लिए निगम के अफसर जिम्मेदार हैं। 10-10-21

### इंदिरा



ये फोटो इं
रोड पर पां
है लेकिन
निगम ही

भास्कर 10/10/21

# सड़क किनारे निर्माण पाए जाने पर निगम करेगा तोड़ने की कार्रवाई

10.10.21

रतलाम ● शहर की मुख्य सड़कें सैलाना रोड, सागोद रोड, महू रोड, स्टेशन रोड सहित अन्य सड़कों के किनारे नगर निगम की बिना अनुमति के निर्माण प्रारंभ पाए जाने पर उन्हें तोड़ने की कार्रवाई निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार गठित दलों के द्वारा प्रारंभ की जा रही है साथ ही संबंधितों से 15 हजार रुपए प्रति घन्टे के मान से तोड़ने की राशि वसूल की जाएगी। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया नगर निगम के गठित दलों को निर्देशित किया है कि शहर की मुख्य सड़कों के किनारे नगर निगम की बिना अनुमति निर्माण प्रारंभ पाए जाने पर तोड़ने की कार्रवाई प्रतिदिन की जाए व संबंधितों से 15 हजार रुपए प्रति घन्टे के मान से तोड़ने की राशि वसूल की जाए। नगर निगम द्वारा बिना अनुमति के निर्माण तोड़ने की कार्रवाई की जा रही है। नागरिकों से अपील है कि वे अनुमति के बिना निर्माण कार्य ना करें। स्वदेश

स्वदेश इन्दौर
10/10/21

# हकीमवाड़ा क्षेत्र में भरी गंदगी से रहवासी परेशान



प्रसारण न्यूज़ • रतलाम 10-10-21

## दरोगा को सूचना दी किंतु नही हुई कोई सुनवाई

शहर में दिन - प्रतिदिन गंदगी के कारण कई गंभीर और जानलेवा बीमारियों का सिलसिला चलता जा रहा है हर जगह अस्वच्छता की पोल खुलती जा रही है, हर क्षेत्र में गंदगी, नाली जाम सड़क पर गंदगी की शिकायते संबंधित जिम्मेदारों को मिल रही है किंतु फिर भी इन मामलो पर कोई भी निराकरण नहीं हो रहा है।

कलेक्टर के सख्त निर्देश के बाद भी संबंधित जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी निभाने में कतरा रहे है बताया जाता है की बैठक में भी कलेक्टर द्वारा सभी संबंधित जिम्मेदारो को शहर में स्वच्छता के लिए सख्त रवैया अपनाया है किंतु फिर भी शहर में गंदगी की जानकारी प्राप्त हो रही है। कुछ दिन पहले ही कलेक्टर द्वारा नगर निगम आयुक्त को प्रतिदिन 2 से 3 वार्ड में भ्रमण करने को कहा और अस्वच्छता पर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया।

आज उक्त मामला लंबी गली हाकिम वाड़ा हनुमान मंदिर पानी की टंकी के पास से आया है जहा वार्ड दरोगा रहवासियों की बात तो दूर अपनी जिम्मेदारी निभाने हेतु कतरा रहे है। रहवासियों द्वारा वार्ड दरोगा को कई बार शिकायते की किंतु कलेक्टर द्वारा दिए गए निर्देश बेअसर होते नजर आ रहे है। रहवासियों ने बताया की उन्होंने वार्ड नंबर 26 के दरोगा को कई बार गंदगी से अवगत करवा दिया है फिर भी अब तो हमारी सुनवाई नहीं है।

प्रसारण 10-10-21

# हकीमवाड़ा क्षेत्र में भरी गंदगी से रहवासी परेशान

इन्दौर समाचार

## दरोगा को सूचना दी किंतु नही हुई कोई सुनवाई



रतलाम। शहर में दिन - प्रतिदिन गंदगी के कारण कई गंभीर और जानलेवा बीमारियों का सिलसिला चलता जा रहा है हर जगह अस्वच्छता की पोल खुलती जा रही है, हर क्षेत्र में गंदगी, नाली जाम सड़क पर गंदगी की शिकायते संबंधित जिम्मेदारों को मिल रही है किंतु फिर भी इन मामलो पर कोई भी निराकरण नहीं हो रहा है।

कलेक्टर के सख्त निर्देश के बाद भी संबंधित जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी निभाने में कतरा रहे है बताया जाता है की बैठक में भी कलेक्टर द्वारा सभी संबंधित जिम्मेदारो को शहर में स्वच्छता के लिए सख्त रवैया अपनाया है किंतु फिर भी शहर में गंदगी की जानकारी प्राप्त हो रही है। कुछ दिन पहले ही कलेक्टर द्वारा नगर निगम आयुक्त को प्रतिदिन 2 से 3 वार्ड में भ्रमण करने को कहा और अस्वच्छता पर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया।

आज उक्त मामला लंबी गली हाकिम वाड़ा हनुमान मंदिर पानी की टंकी के पास से आया है जहा वार्ड दरोगा रहवासियों की बात तो दूर अपनी जिम्मेदारी निभाने हेतु कतरा रहे है। रहवासियों द्वारा वार्ड दरोगा को कई बार शिकायते की किंतु कलेक्टर द्वारा दिए गए निर्देश बेअसर होते नजर आ रहे है। रहवासियों ने बताया की उन्होंने वार्ड नंबर 26 के दरोगा को कई बार गंदगी से अवगत करवा दिया है फिर भी अब तो हमारी सुनवाई नहीं है। 10/10/21

इन्दौर समाचार 10/10/21

# बुद्धेश्वर रोड पर कीचड़, इंदिरा नगर में पांच से छह इंच के गड्ढे उभरे

**…सड़क पर फैला है कीचड़**




…की है। इसे मनीष पिरोदिया ने भेजा है। …मुख्य मार्ग है और यहां आए दिन कीचड़ ही …श में तो निकलना मुश्किल हो रहा है। इसके …र नगर निगम के अफसर जिम्मेदार

**चांदनी चौक : सबसे महंगा क्षेत्र, मरम्मत नहीं**



ये फोटो चांदनीचौक के पास स्थित ताल वालों की गली की है। भूपेंद्र जैन ने बताया सीवरेज की खुदाई के बाद तो जिम्मेदार सड़क की मरम्मत कराना ही भूल गए हैं। इससे रोड खुदा है। बारिश में गुजरना मुश्किल है। इसके लिए नगर निगम जिम्मेदार है।

**न्यू काजीपुरा : ढूंढने से नहीं मिलेगी सड़क**



ये फोटो न्यू काजीपुरा की है और आरिफ ने भेजी है। उन्होंने बताया क्षेत्र में तो रोड ढूंढने से भी नजर नहीं आती है। बारिश में तो पूरे क्षेत्र में पानी भर जाता है और दिक्कत आती है। इसके लिए निगम के अफसर जिम्मेदार हैं।

10-10-21

**इंदिरा नगर : मेन रोड पर हो रहे बड़े गड्ढे**



ये फोटो इंदिरा नगर की है। इसे अमन काठेड़ ने भेजा है। इस रोड पर पांच से छह इंच के गड्ढे हो रहे हैं। कई बार शिकायत की है लेकिन अब तक सुनवाई नहीं हुई है। इसके लिए पूरी तरह से निगम ही जिम्मेदार है।

10/10/21

# निखरी छटा : नवरात्र की रोशनी के साथ जगमगाया झाली तालाब

10-10-21 भास्कर

रतलाम | नवरात्रि पर शहर के प्राचीन कालिकामाता मंदिर की रंगत निखर उठी है। इस बार मानसून की मेहरबानी से तालाब में जलस्तर अच्छा बना हुआ है और झाली तालाब पर आकर्षक विद्युत सज्जा की है। रात को कालिका माता मंदिर की रोशनी तालाब के पानी पर गिर रही है तो तालाब जगमगा रहा है। इससे श्रद्धालुओं को यह नजारा खुशनुमा एहसास दे रहा है।

फोटो-चिंटू मेहता



भास्कर
10/10/21

# प्रदेश में अब जन्म के साथ ही मिलेगा जाति प्रमाण पत्र

## सरकारी भर्ती में चरित्र प्रमाण पत्र की बाध्यता खत्म

भोपाल (राज्य ब्यूरो)। प्रदेश में सशक्त तरीके से ई-गवर्नेंस की शुरुआत हो रही है। गुरुवार को जनकल्याण एवं सुराज अभियान के तहत मिंटो हाल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भूमि से जुड़े दस्तावेज खसरा-खतौनी, अक्स सहित अन्य दस्तावेजों की कापी 10 रुपये (प्रति कापी) की दर से वाट्सएप पर देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि अब बच्चे के जन्म के साथ ही जाति प्रमाण पत्र भी दे दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने सरकारी भर्ती में चरित्र प्रमाण पत्र की बाध्यता खत्म करने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि अब स्व-घोषणा के आधार पर नियुक्ति भी दी जाएगी और ज्वाइनिंग भी कराई जाएगी। स्वदेश ग्वालियर 10.10.21

स्वदेश ग्वालियर

10-10-21

# दीपावली पर्व पर आतिशबाजी व्यवसाय करने वाले अस्थाई फटाका लाइसेंस हेतु आवेदन करें

10-10-21

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

इस वर्ष दीपावली पर्व पर आतिशबाजी विक्रय व्यवसाय करने के लिए इच्छुक व्यक्ति अस्थाई फटाका लाइसेंस हेतु निर्धारित प्रारूप ङ्ङ5 में आवेदन करें। इसके लिए अंतिम तिथि आगामी 20 अक्टूबर नियत की गई है।

आवेदन के साथ लाइसेंस फीस 500 रुपए निर्धारित मद में चालान से जमा करवाकर चालान की असल प्रति तथा दो पासपोर्ट साइज के फोटो आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें जिसमें दिनांक तथा हस्ताक्षर हो। निर्धारित मद 0070 अन्य प्रशासकीय सेवाएं, 103 अन्य सेवाएं विस्फोटक अधिनियम के अंतर्गत प्राप्तियां जिला प्रशासन से प्राप्तियां अन्य प्राप्तियां में लाइसेंस फीस जमा करानी होगी। आवेदन पत्र पर 10 रुपए का कोर्ट फीस स्टाम्प भी चस्पा किया जाना होगा। निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र रतलाम शहर तथा ग्रामीण तहसील स्तर पर अपने-अपने क्षेत्र के अनुविभागीय दंडाधिकारी कार्यालय में जमा किया जा सकता है।

आवेदकों को अपने-अपने आवेदन पत्र स्वीकृति के लिए रतलाम शहर हेतु अनुविभागीय दंडाधिकारी रतलाम शहर तथा रतलाम ग्रामीण के लिए अनुविभागीय दंडाधिकारी रतलाम ग्रामीण, तहसील जावरा तथा पिपलोदा के लिए अनुविभागीय दंडाधिकारी जावरा, तहसील आलोट एवं ताल क्षेत्र के लिए अनुविभागीय दंडाधिकारी आलोट, तहसील सैलाना, रावटी एवं बाजना क्षेत्र के लिए अनुविभागीय दंडाधिकारी सैलाना को मय पूर्व स्वीकृत अनुज्ञप्ति सहित प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। लाइसेंसधारी को केवल उसी स्थान पर आतिशबाजी का व्यवसाय करने की अनुमति होगी जो स्थान संबंधित एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं कार्यपालक दंडाधिकारी द्वारा नगर पालिका निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत, ग्राम पंचायत के परामर्श उपरांत सुरक्षात्मक दृष्टि से नियत किया जाएगा।

नियत स्थान के अलावा अपनी स्वेच्छा से नगर के भीड़ वाले बाजार क्षेत्र में पटाखों का उपयोग एवं विक्रय नहीं हो और हाथ ठेलो पर दुकानें लगाने की दशा में लाइसेंस निरस्त किया जा सकेगा। लाइसेंसधारी को आग से सुरक्षा के लिए रेत, पानी तथा अग्निशामक की समुचित व्यवस्था स्वयं करना होगी और सावधानीपूर्वक व्यवसाय करना होगा ताकि अग्नि दुर्घटना नहीं होने पाए।

नियत मानकों के पटाखों का ही उपयोग तथा विक्रय होगा, प्रदूषण फैलाने वाले तथा अधिक आवाज वाले बम राकेट आदि घातक पटाखों का उपयोग और विक्रय नहीं होगा।

यह भी सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया है कि दुकाने इस प्रकार से लगाई जाएंगी कि एक आतिशबाजी की दुकान दूसरी आतिशबाजी की दुकान से या अन्य ज्वलनशील भंडार से कम से कम 15 वर्ग मीटर की दूरी पर हो।

प्रसारण
10/10/21

# महाविद्यालय पर 11 को मेगा जॉब फेयर का आयोजन




रतलाम। शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय पर 11 अक्टूबर को मेगा जॉब फेयर आयोजित किया जाएगा। जाब फेयर का शुभारम्भ मुख्य अतिथि के रुप में शहर विधायक चेतन्य काश्यप द्वारा किया जाएगा। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम भी उपस्थित रहेंगे। जाब फेयर में चयनित युवाओ को 8 हजार रुपये प्रति माह से लेकर, वार्षिक 8 लाख रुपए सैलरी का जॉब पाने का अवसर प्लेसमेंट ड्राइव द्वारा मिल सकेगा।

## ▶ विधायक काश्यप करेंगे शुभारम्भ

10-10-21
नवभारत

कलेक्टर द्वारा मेगा जॉब फेयर के लिए 30 अधिकारियों तथा इंस्ट्रक्टर्स को विभिन्न दायित्व सौंपे गए हैं। मेगा जॉब फेयर में जो कंपनियां हिस्सा लेंगी उनमें मदरसन सुमी, फ्यूजन माइक्रो फाइनेंस, कृषि धन बायो केयर, पारस ग्राइंडिंग, प्रथम एयरटेल बैंक, पीएनबी, नेक्सा, जेके बायो एग्रीकल्चर, नवशक्ति बायो क्रॉप केयर, मेटल पावर इंजीनियरिंग, टाइगर सिक्योरिटी, पटेल मोटर्स, जी.आर. इंडस्ट्रीज, कॉसमॉस मैनपॉवर, इप्का लेबोरेटरीज, एलआईसी, एस.बी. इंटरप्राइजेस, चंद्रा मोटर्स, मोहन फूड, जस्ट डायल, एनआईआईटी तथा एचडीएफसी बैंक सम्मिलित है। जॉब फेयर में कंपनियों द्वारा हेल्पर, मैकेनिक, मैनेजर, सेल्स, मार्केटिंग से लेकर बैंकर्स तक के जॉब दिए जाएंगे। इच्छुक युवा अपने योग्यता प्रमाण पत्र, अंकसूची तथा आधार कार्ड लेकर 11 अक्टूबर को प्रात: 10 बजे शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय परिसर में उपस्थित हो सकते हैं।

नवभारत
10/10/21

# कोविड प्रोटोकाल के तहत मनेगा मप्र स्थापना दिवस समारोह

10/10/21

भोपाल। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश के स्थापना दिवस समारोह को आयोजित किए जाने को लेकर शनिवार को यहां निर्देश दिया कि इसका आयोजन कोविड प्रोटोकॉल के तहत 50 प्रतिशत उपस्थित में लाल परेड मैदान में किया जाये।

श्री चौहान ने मध्यप्रदेश स्थापना दिवस समारोह के लिए संस्कृति विभाग द्वारा की जा रही तैयारियों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने शनिवार को यहां मंत्रालय में सम्पन्न बैठक में निर्देश दिए कि कोविड प्रोटोकॉल के तहत 50 प्रतिशत उपस्थिति में लाल परेड ग्राउण्ड पर प्रदेश का स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया जाए। कार्यक्रमों की थीम आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश और मध्यप्रदेश के निर्माण में नागरिकों के योगदान पर केन्द्रित हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यक्रम भव्य हों और मनोरंजन के साथ ही संदेशपरक भी हों और प्रत्येक व्यक्ति कार्यक्रमों से जुड़ाव महसूस करें।

10/10/21

दबंग इंडिया
10/10/21

अब समाज प्रमुखों की शरण में निगम

# द्वारका से हाथ खींचे तो सुभाष शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में कर्ज देने को तैयार बैंक

पत्रिका सोशल प्राइड

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. शहर के द्वारका रेसीडेंसी के मामले में बड़ी गड़बड़ियों के सामने आने के बाद जहां निवेशक को कर्ज देने के लिए बैंक ने हाथ खींच लिए है तो दूसरी तरफ नगर निगम की महू रोड स्थित सुभाष शॉपिंग काम्प्लेक्स की 99 दुकानों के खरीददार के लिए कर्ज देने का निर्णय ले लिया है। इसके लिए बैंक ने अपनी एक स्टॉल सुभाष नगर कॉम्प्लेक्स में लगा दिया है। इन दुकानों की बिक्री के लिए अब नगर निगम सोमवार से समाज प्रमुखों के साथ बैठक की शुरुआत करने जा रहा है। हालांकि निगम ने 21 अक्टूबर तक के लिए ऑनलाइन टेंडर जारी किए हुए है।

## बैंक की रजामंदी

इन सब के बीच एक तरफ द्वारका रेसीडेंसी के मामले में निवेशक को कर्ज देने के मामले में हाथ बैंक ने सितंबर में खींचे लिए थे। अब बैंकों ने इस मामले में नगर निगम से बात करके सुभाष शॉपिंग काम्प्लेक्स में दुकान लेने वालों को पात्रता में आने पर कर्ज देने का निर्णय लिया है। इसके लिए एक निजी बैंक ने तो शुरुआत करते हुए सुभाष शॉपिंग काम्प्लेक्स मे ही अपना स्टॉल लगा दिया है।

बता दे कि सुभाष शॉपिंग काम्प्लेक्स की 102 में से 3 दुकान की बिक्री हो चुकी है। अब 99 दुकानों की बिक्री के लिए ही पूरी कयावद निगम कर रहा है। सोमवार को निगम राजीव गांधी सिविक सेंटर स्थित कुशाभाऊ ठाकरे तरणताल में बने हुए निगम के हाल में बड़ी बैठक करने जा रहा है। इसमे विभिन्न समाज प्रमुखों को तो बुलाने की तैयारी की ही जा रही है इसके साथ साथ शहर के गणमान्य नागरिकों के साथ अलग से बैठक की तैयारी हो रही है। इसकी वजह निगम अपनी प्रापर्टी की बिक्री करके विभिन्न पूर्व की प्रापर्टी को नजूल से फ्री होल्ड करवाने की तैयारी कर रहा है।

## हमारी जिम्मेदारी

सुभाष शॉपिंग काम्प्लेक्स में दुकान लेने वालों को कई तरह की सुविधा नगर निगम देगा। सुविधाएं निरंतर प्राप्त हो इसकी जिम्मेदारी नगर निगम की रहेगी। बैंक भी निवेशक को कर्ज देने के लिए तैयार है।

**- सोमनाथ झारिया**, आयुक्त नगर निगम

पत्रिका
10/10/21

**राहत** • शहर की 10 किलोमीटर सड़क का पेचवर्क किया जाएगा

# लोक निर्माण ने पेचवर्क शुरू किया, सब सड़कों की सुध लेंगे

भास्कर 10-10-21

भास्कर संवाददाता | रतलाम

नगर निगम ने भले ही सड़कों का पेचवर्क अभी शुरू नहीं किया। लेकिन लोक निर्माण विभाग पेचवर्क के मामले में निगम से आगे हो गया है। विभाग ने शहर में स्थित अपनी सड़कों का पेचवर्क करना शुरू कर दिया है। विभाग बारी-बारी से सभी सड़कों का मेंटेनेंस करेगा ताकि शहरवासियों को गड्डों और जर्जर सड़क से मुक्ति मिल सके।

विभाग की शहर में 10 किमी की सड़कें हैं। इसमें से पांच किमी की सड़कों की मरम्मत विभाग एआर के तहत करेगा। इसकी शुरुआत विभाग ने कर दी है। वहीं पांच किमी की सड़कें गारंटी वाली है। इनकी रिपेयरिंग ठेकेदार द्वारा की जाएगी। इनकी रिपेयरिंग 15 अक्टूबर से की जाएगी। इस महीने तक सभी सड़कों की मरम्मत पूरी कर ली जाएगी। इससे शहरवासियों को फायदा होगा और गड्ढों से मुक्ति मिलेगी।

**इन सड़कों का किया जाएगा पेचवर्क** - हाट रोड, शेरानीपुरा, हरमाला रोड, त्रिपोलिया गेट, अमृतसागर तालाब रोड, संत रविदास चौक।

## नगर निगम अगले सप्ताह से करेगा पेचवर्क



हाट रोड पर पेचवर्क करते लोक निर्माण विभाग के कर्मचारी।

लोक निर्माण विभाग ने पेचवर्क शुरू कर दिया है। नगर निगम अगले सप्ताह से सड़कों का पेचवर्क शुरू होगा। डामर के प्लांट इस दिन से चालू हो जाएंगे। इससे निगम द्वारा मेंटेनेंस शुरू कर दिया जाएगा। पेचवर्क के लिए नगर निगम ने टेंडर जारी कर दिए हैं। अब वर्क ऑर्डर की प्रक्रिया चल रही है। 15 अक्टूबर से पेचवर्क की शुरुआत हो जाएगी। शहर की सड़कों पर पेचवर्क पर निगम एक करोड़ रुपए खर्च करेगा। इसके साथ ही 37 सड़कों का नवीनीकरण भी किया जाएगा। इसमें 6 सड़कों के टेंडर जारी हो गए हैं। निगम इनका नवीनीकरण करेगा। यह काम भी 15 अक्टूबर से शुरू होगा। इससे गड्ढों से मुक्ति मिलेगी।

### वाहन चालकों को राहत के लिए निगम ने मुरम डालना शुरू किया

निगम ने पेचवर्क भले ही शुरू नहीं किया लेकिन लोगों को गड्ढों से राहत मिले। इसके लिए निगम ने मुरम डालना शुरू कर दी है। शहर के बाजारों में और अन्य सड़कों पर निगम द्वारा मुरम डलवाई जा रही है ताकि लोगों को कुछ तो राहत मिल सके। इसके बाद पेचवर्क शुरू किया जाएगा।

### बारिश थम गई है इससे सड़कों का मेंटेनेंस शुरू कर दिया है

*बारिश थम गई है। इससे शहर में जो भी विभाग की सड़कें हैं उनका मेंटेनेंस शुरू कर दिया है। एन्युअल मेंटेनेंस के तहत मरम्मत शुरू की है। 15 अक्टूबर से गारंटी वाली सड़कों की मरम्मत भी शुरू कर दी जाएगी।*

**अनुरागसिंह,** ईई लोक निर्माण विभाग

भास्कर

10/10/21

घरों में सीवरेज का पानी नलों के माध्यम से पहुंच रहा, जिम्मेदारों ने साध रखी है चुप्पी

# निगम की लापरवाही : पूरा जलकर देकर भी मटमैला पानी पीने को

पत्रिका अभियान

**त्योहारों पर नियमित हो जलापूर्ति**

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**रतलाम.** धोलावाड़ जलाशय के माध्यम से शहर में हो रहे पेयजल वितरण की व्यवस्था पूरी तरह से चरमराई हुई है। इतना ही नहीं अव्यवस्था को लेकर जब भी कोई व्यक्ति जिम्मेदारों से शिकायत करता है तो उसकी बात आई गई हो जाती है। कहने के लिए तो शहर में वितरित किए जाने वाला पेयजल मोरवानी फिल्टर प्लांट से फिल्टर होकर आता है लेकिन यह पानी जब घरों में जाता है तो इसे देखकर पीना तो दूर नहाने की भी इच्छा ना होगी।

धोलावाड़ से लेकर मोरवानी फिल्टर प्लांट और फिर वहां से शहर तक बिछी पाइप लाइन में कई जगह पर लीकेज है जिस कारण से फूटी हुई लाइनों में गंदगी प्रवेश कर जाती है और पूरी लाइन का पानी दूषित कर देती है। कई जगह तो फूटी लाइनों के अंदर पानी इतना गंदा पहुंच रहा है कि लोगों के घरों में जब पानी जाता है तो वह दुर्गंध मारने लगता है। ऐसे पानी को कई लोग पीना तो ठीक उसे नहाने के लिए भी उपयोग में नहीं लेते हैं।

## कई रहवासी क्षेत्रों में यही हाल

नलों के माध्यम से घरों में गंदा पानी पहुंचने का मामला किसी एक या दो घर का नहीं बल्कि कई सारे घरों का है। कई जगह तो शुरुआती दौर में नल में गंदा पानी आता है जिसे लोग सड़कों पर बहा देते हैं तो कई



जगहों पर पूरे समय गंदा पानी आने से लोगों से उपयोग नहीं कर पाते हैं। इतना ही नहीं ऊपरी क्षेत्र से जुड़े कई घरों में तो पाइप लाइन ठीक से बिछी नहीं होने के कारण उक्त घरों तक पानी ही नहीं पहुंच पाता है।

## तो फट जाती है लाइन

शहर के हजारों जल उपभोक्ता ऐसे हैं जो कि हर माह पूरा जलकर नगर निगम पहुंचकर वहां पर लाइन में लगकर भरते हैं लेकिन उसके बाद भी उनके घरों में पानी नहीं आ पाता है। ऊपरी इलाकों में रहने वाले लोग जब लाइनमैन को वालों ज्यादा खोलने का बोलते हैं जिससे उनके यहां पानी आ सके तो लाइनमैन कभी वॉल्व खोल भी देता है तो पानी के प्रेशर से पाइप लाइन फट जाती है।

पत्रिका

10/10/21

नलों के माध्यम से पहुंच रहा, जिम्मेदारों ने साध रखी है चुप्पी

# लापरवाही : पूरा जलकर देकर भी मटमैला पानी पीने को मजबूर शहरवासी

व्यक्ति जिम्मेदारों से शिकायत करता है तो उसकी बात आई गई हो जाती है। कहने के लिए तो शहर में वितरित किए जाने वाला पेयजल मोरवानी फिल्टर प्लांट से फिल्टर होकर आता है लेकिन यह पानी जब घरों में जाता है तो इसे देखकर पीना तो दूर नहाने की भी इच्छा ना होगी।

धोलावाड़ से लेकर मोरवानी फिल्टर प्लांट और फिर वहां से शहर तक बिछी पाइप लाइन में कई जगह पर लीकेज है जिस कारण से फूटी हुई लाइनों में गंदगी प्रवेश कर जाती है और पूरी लाइन का पानी दूषित कर देती है। कई जगह तो फूटी लाइनों के अंदर पानी इतना गंदा पहुंच रहा है कि लोगों के घरों में जब पानी जाता है तो वह दुर्गंध मारने लगता है। ऐसे पानी को कई लोग पीना तो ठीक उसे नहाने के लिए भी उपयोग में नहीं लेते हैं।

## कई रहवासी क्षेत्रों में यही हाल

नलों के माध्यम से घरों में गंदा पानी पहुंचने का मामला किसी एक या दो घर का नहीं बल्कि कई सारे घरों का है। कई जगह तो शुरुआती दौर में नल में गंदा पानी आता है जिसे लोग सड़कों पर बहा देते हैं तो कई जगहों पर पूरे समय गंदा पानी आने से लोगों से उपयोग नहीं कर पाते हैं। इतना ही नहीं ऊपरी क्षेत्र से जुड़े कई घरों में तो पाइप लाइन ठीक से बिछी नहीं होने के कारण उक्त घरों तक पानी ही नहीं पहुंच पाता है।



## तो फट जाती है लाइन

शहर के हजारों जल उपभोक्ता ऐसे हैं जो कि हर माह पूरा जलकर नगर निगम पहुंचकर वहां पर लाइन में लगकर भरते हैं लेकिन उसके बाद भी उनके घरों में पानी नहीं आ पाता है। ऊपरी इलाकों में रहने वाले लोग जब लाइनमैन को वालों ज्यादा खोलने का बोलते हैं जिससे उनके यहां पानी आ सके तो लाइनमैन कभी वॉल्व खोल भी देता है तो पानी के प्रेशर से पाइप लाइन फट जाती है।

## पूरा कर, आधा भी नहीं मिलता पानी

शहर के कई इलाकों में उपभोक्ता पूरा जलकर नगर निगम जाकर भरते हैं लेकिन उन्हें नल के माध्यम से पानी जरूरत के मुताबिक आधा भी नहीं मिलता है। यदि कोई व्यक्ति जल कर जमा नही कराता है तो नगर निगम द्वारा एक निश्चित समय अवधि के बाद संबंधित को नोटिस जारी कर जल कर जमा कराने के निर्देश देता है लेकिन जब उपभोक्ताओं की शिकायतों का निराकरण की बात आती है तो उन शिकायतों का निराकरण समय पर नहीं हो पाता है।

शहर में नियमित रूप से पेयजल वितरण किए जाने को लेकर लगातार कार्य प्रगति पर है। वॉल्व और पाइप लाइन में लीकेज की सूचना पर निरंतर टीम उसे सुधार रही है, जिससे लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा सके।- **हनीफ शेख,** जल प्रदाय विभाग

10/10/21

# अब ऑनलाइन मिलेंगे भूमि उपयोग प्रमाण-पत्र - नगरीय विकास मंत्री सिंह

10-10-21

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने बताया है कि नागरिकों को अब भूमि उपयोग प्रमाण-पत्र ऑनलाइन उपलब्ध होंगे। पूर्व में नागरिक केवल ऑनलाइन आवेदन कर सकते थे, परंतु भूमि उपयोग प्रमाण-पत्र के लिये कार्यालय में आना पड़ता था।

आवेदक द्वारा भूमि-उपयोग प्रमाण-पत्र के लिये ऑनलाइन आवेदन, सभी आवश्यक विवरण जैसे- निवेश/योजना क्षेत्र, गाँव और खसरा नंबर दर्ज करके प्रस्तुत करने पर भूमि-उपयोग उसके स्क्रीन पर प्रदर्शित होता है। आवेदक के इसे स्वीकार करने एवं ऑनलाइन शुल्क भुगतान करते ही मैप के साथ लैण्ड भूमि उपयोग प्रमाण-पत्र प्राप्त होता है। आवेदक अपनी जरूरत के अनुसार इसे डाउनलोड और प्रिंट कर सकता है। कोई भी एजेंसी टाउन एण्ड कंट्री प्लानिंग के ऑनलाइन लैण्ड यूज़ सर्टिफिकेट जनरेशन पोर्टल पर जाकर इस सर्टिफिकेट को एप्लीकेशन नंबर से सर्च कर डिजिटली वेरीफाई कर सकती है।

अभी यह सुविधा प्रदेश के 12 जिलों भोपाल, भिण्ड, दतिया, ग्वालियर, डबरा, हरदा, इंदौर, जबलपुर, रीवा, सागर, शिवपुरी और उज्जैन में लागू की गई है। शीघ्र ही इसे अन्य जिलों में भी लागू किया जायेगा।

प्रसारण।

10-10-21

# सिंचाई के लिए आवश्यक रूप से उपलब्ध कराएं दस घंटे बिजली : शिवराज सिंह

**निर्देश** ● ऊर्जा विभाग की बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा- सौर ऊर्जा भविष्य का ऊर्जा स्रोत

भोपाल (राज्य ब्यूरो)। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि किसानों को सिंचाई के लिए दस घंटे बिजली आवश्यक रूप से उपलब्ध कराई जाए। इसके लिए प्रत्येक स्तर पर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करें। प्रदेश में किफायती दर पर बिजली उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। सौर ऊर्जा भविष्य का ऊर्जा स्रोत है, इसलिए सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना में कोई कसर नहीं छोड़ी जाए। एक-दो मेगावाट तक के प्लांट स्थापित करने को प्रोत्साहन देने के लिए नीति बनाई जाए।

मुख्यमंत्री ने यह निर्देश मंत्रालय में आयोजित रबी फसल के लिए विद्युत आपूर्ति संबंधी ऊर्जा विभाग की बैठक में दिए। उन्होंने कहा कि बिजली उत्पादन में कोयले पर निर्भरता कम करने के लिए हरसंभव प्रयास करना आवश्यक है। राजस्व बढ़ाने के लिए सभी स्तर पर प्रयास जरूरी हैं। यदि हम क्वालिटी बिजली का प्रदाय सुनिश्चित करते हैं, तो बिजली बिलों के नियमित भुगतान के लिए जनसामान्य की मानसिकता बनाने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने ट्रांसफार्मर जल्द खराब होने या जलने की समस्या पर नाराजगी जताते हुए ट्रांसफार्मरों के फेलीयर रेट का अध्ययन कराने के निर्देश दिए।

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने विभागीय अमले में वृद्धि की आवश्यकता बताई। रबी सीजन में विद्युत प्रदाय सुनिश्चित करने, फ्लेक्सी प्लान, ट्रांसफार्मरों और कोयले की उपलब्धता पर चर्चा हुई। रबी सीजन में अधिकतम विद्युत मांग को दोपहर में शिफ्ट करने की संभावनाओं पर भी बात हुई। दोपहर में सौर विद्युत ऊर्जा की उपलब्धता अधिकतम रहती है। बैठक में मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस, प्रमुख सचिव ऊर्जा, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा संजय दुबे तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंत्रालय में रबी फसल में विद्युत आपूर्ति के संबंध में समीक्षा की। ●जनसंपर्क विभाग

## 12 जिलों के निकायों में अब आनलाइन मिलेगा भूमि उपयोग प्रमाण पत्र

भोपाल (राज्य ब्यूरो)। शहरी और कस्बाई क्षेत्रों में भूमि उपयोग प्रमाण पत्र अब आनलाइन मिलेगा। नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने प्रदेश के 12 जिलों में यह सुविधा शुरू कर दी है। अन्य 40 जिलों में जल्द ही इसे बढ़ाया जाएगा। ज्ञात हो कि अभी तक आवेदन तो आनलाइन लिया जा रहा था, पर प्रमाण पत्र के लिए आवेदक को निकाय कार्यालय जाना पड़ता था। जनकल्याण और सुराज अभियान के तहत मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ई-गवर्नेंस की घोषणा की है। इसके बाद विभागों ने जनता से सीधे तौर पर जुड़ी सेवाओं को आनलाइन करना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में नगरीय विकास और आवास विभाग न भूमि उपयोग प्रमाण पत्र देने की प्रक्रिया पूरी तरह से आनलाइन कर दी है। प्रमाण पत्र आवेदन और शुल्क का भुगतान करने के साथ ही मिल जाएगा। यह सेवा अभी भोपाल, भिंड, दतिया, ग्वालियर, इंदौर, हरदा, जबलपुर, रीवा, सागर, शिवपुरी, उज्जैन सहित एक अन्य जिले के नगरीय क्षेत्रों में लागू की जा रही है। इस प्रमाण पत्र का आनलाइन सत्यापन हो सकेगा। कोई भी संस्था टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के आनलाइन लैंड यूज सर्टिफिकेट जनरेशन पोर्टल पर जाकर प्रमाण पत्र को एप्लीकेशन नंबर से सर्च कर डिजिटल सत्यापन कर सकेगा।

### यह रहेगी प्रक्रिया

प्रमाण पत्र लेने के लिए आवेदक को Imptownplan.gov.inO से आनलाइन आवेदन करना होगा। उसे निवेश या योजना क्षेत्र, गांव और खसरा नंबर अंकित करना होगा। कम्प्यूटर की स्क्रीन पर प्रमाण पत्र दिखाई देने लगेगा। आवेदक के आनलाइन भुगतान करते ही नक्शे के साथ प्रमाण पत्र उसे प्राप्त हो जाएगा। अब आवेदक उसे डाउनलोड कर सकता है और प्रिंट कर सकता है। यदि आवेदक को लैंड यूज सर्टिफिकेट भी चाहिए, तो उसे https://dtcp.mp.gov.in/alpass/Web/LanduseCertificate.aspx वेबसाइट पर जाना होगा।



भूपेन्द्र सिंह

"12 जिलों के निकायों में नागरिकों को भूमि उपयोग प्रमाण पत्र के लिए अब किसी भी दफ्तर में जाने की जरूरत नहीं है। तय प्रक्रिया का पालन करते हुए आवेदन करने से ही उन्हें प्रमाण पत्र मिल जाएगा।

-भूपेन्द्र सिंह, मंत्री, नगरीय विकास एवं आवास

## स्थापना दिवस के कार्यक्रमों में दिखेगी आत्मनिर्भर प्रदेश की झलक

भोपाल (राज्य ब्यूरो)। राज्य सरकार कोरोना गाइड लाइन का पालन करते हुए मध्य प्रदेश का स्थापना दिवस एक नवंबर को धूमधाम से मनाएगी। दर्शकों की 50 फीसद क्षमता के साथ मुख्य कार्यक्रम लाल परेड मैदान पर होगा। इस मौके पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में आत्मनिर्भर मध्य प्रदेश की झलक दिखाई देगी। कार्यक्रम तीन दिन तक चलेंगे। शनिवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कन्या शिक्षा, औद्योगिकीकरण और अन्य विषयों पर नाटकों की प्रस्तुति के साथ ही सभी जिलों में प्रदर्शनी लगाने के निर्देश दिए। मुख्य कार्यक्रम में मुंबई के गायक प्रस्तुति देंगे और चयनितों को लता मंगेशकर एवं किशोर कुमार राष्ट्रीय सम्मान भी दिया जाएगा। ज्ञात हो कि कोरोना संक्रमण के चलते पिछले साल (वर्ष 2020) सांकेतिक कार्यक्रम आयोजित हुए थे।

संस्कृति विभाग स्थापना दिवस कार्यक्रम की तैयारी में जुटा है। इसी सिलसिले में शनिवार को मंत्रालय में बुलाई गई बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थापना दिवस पर प्रस्तुत किए जाने वाले कार्यक्रम आत्मनिर्भर मध्य प्रदेश और मध्य प्रदेश के निर्माण में नागरिकों के योगदान पर आधारित हों। कार्यक्रम भव्य और मनोरंजक के साथ संदेश परक भी हों। ताकि प्रत्येक व्यक्ति कार्यक्रमों से जुड़ाव और गौरव महसूस करे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थापना दिवस कार्यक्रमों में अन्य विभाग भी सहभागी बनें। कोरोना काल में टीकाकरण और अन्य सेवा कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले व्यक्तियों सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों का सम्मान भी जरूरी है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में लता मंगेशकर एवं किशोर कुमार राष्ट्रीय सम्मान देने की तैयारी को सराहा।

नई दुनिया 10-10-21

नई दुनिया 10/10/21

पहले पूर्व महापौर व बाद में विधायक के पास पहुंचे

# स्टेडियम मार्केट में दुकान खाली करने को कहा तो जड़ दिया ताला

पत्रिका सिटी हैपनिंग



रतलाम. श्री लोकेंद्र भवन के सामने प्रस्तावित फूड पार्क के लिए स्टेडियम मार्केट कारोबारियों को दुकान खाली करने का नोटिस निगम ने दिया है। इसके विरोध में शनिवार को दुकानदारों ने कारोबार बंद रखकर विरोध जताया। इस दौरान पूर्व महापौर से लेकर शहर विधायक तक के दरवाजे पर गुहार लेकर कारोबारी पहुंचे। दूसरी तरफ नगर निगम का कहना है कि 11 माह का अनुबंध था व वो पूरा हो गया है। इसके अलावा कई दुकानदारों ने किराया तक जमा नहीं किया है।

श्री लोकेंद्र भवन के सामने स्टेडियम मार्केट में कुल 53 दुकान है। इनमे से 1 नंबर से 18 नंबर तक की दुकानों को निगम के राजस्व विभाग द्वारा किराए से 1984 में दिया गया था जबकि 19 से 53 नंबर तक की दुकानों को 1994 में किराए से 11 माह के अनुबंध के अंतर्गत दिया गया। इसमे 250 रुपए से लेकर 1700 रुपए तक मासिक किराया लिया जाता है। निगम का आरोप है बार बार नोटिस देने के बाद भी दुकानदार न तो किराया भर रहे है नहीं नया अनुबंध करवा रहे है। ऐसे में अब फूड पार्क के निर्माण के लिए भूमि की जरुरत को देखते हुए दुकान ही खाली करवाई जा रही है।

## यहां वहां जाते रहे

शुक्रवार को दुकानदार सबसे पहले नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी धर्मेंद्रसिह, दुकानदार एहमद मेव के साथ पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा के आवास पर पहुंचे। यहां डागा ने सभी की समस्या सुनकर मदद का आश्वासन दिया। इसके बाद दुकानदार यहां वहां भटकते रहे व शाम को शहर विधायक चेतन्य काश्यप के पास पहुंचे। विधायक ने नियम अनुसार मदद का भरोसा दिया है।

कार्रवाई नियम अनुसार हुई है। किराया नहीं भरे तो कौन मालिक किराएदार को रखता है। वैसे भी फूडपार्क का निर्माण किया जाना है तो दुकान सभी से खाली करवाई जा रही है। - **सोमनाथ झारिया**, आयुक्त नगर निगम

दुकानदार आए थे। इनके विशय को समझा है। नियम अनुसार जो मदद संभव है वो की जाएगी। - **चेतन्य काश्यप**, शहर विधायक

पत्रिका
10/10/21

# कीटनाशक दवा का छिड़काव निरंतर जारी

रतलाम ● मच्छर जनित डेंगू व मलेरिया जैसी बीमारी से बचाव हेतु नगर प्रत्येक झोन में एक-एक डबल बैरल फॉगिंग मशीन से कीटनाशक दवा का छिड़काव का कार्य निरंतर जारी है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया बताया कि शहर में बढ़ रहे डेंगू व मलेरिया जैसी मच्छर जनित बीमारियों पर नियंत्रण हेतु कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार प्रत्येक झोन में एक-एक डबल बैरल फॉगिंग मशीन से नगर निगम व मलेरिया विभाग द्वारा रूट चार्ट अनुसार सुबह 5.30 से 8 बजे तक व शाम को 6 से रात 10 बजे तक किया जा रहा है साथ ही प्रत्येक वार्ड में एक-एक हैंड स्प्रे मशीन से भी कीटनाशक दवा का छिड़काव किया जा रहा है। स्वदेश 10.10.21

स्वदेश इन्दौर

10/10/21